A.K.P. DEGREE COLLEGE
(Providing PG & Research Education Also)
KHURJA-203131
Affiliated to CCS University, Meerut
NAAC A++ University
CC-043

7055617841
E-mail : akppgcollege@gmail.com
Website : www.akppgcollegekhurja.in

Ref. No. :

Dated 14-11-2025

आवश्यक सूचना

महाविद्यालय की समस्त NEP 2025-26 स्नातक प्रथम वर्ष की छात्राओं को सूचित किया जाता है कि चौ. चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ के पत्रांकः परीक्षा/डी.आर./ 9921 दिनांक 13.11.2025 के निर्देशानुसार वर्ष 2025 में प्रवेशित बी.ए. प्रथम सेमेस्टर की छात्राओं की "को-करिकुलर" विषय की आंतरिक परीक्षा अब संपन्न नहीं करायी जाएगी। अब यह कुल 100 अंकों की परीक्षा वस्तुनिष्ठ (MCQ) माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करायी जाएगी। अतः महाविद्यालय में आयोजित होने वाली उक्त विषय की आंतरिक परीक्षा जो दिनांक 19.11.2025 को संपन्न होनी थी वह अब नहीं होगी। छात्राओं का संपूर्ण मूल्यांकन विश्वविद्यालीय परीक्षा के आधार पर ही होगा।

14.11.2025
प्राचार्या
Principal
A.K.P. Degree College
Khurja

प्रतिलिपि- वेबसाइट प्रभारी, ए.के.पी. डिग्री कालेज, खुर्जा को वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

Notice

चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ
Ch. Charan Singh University, Meerut

पत्रांक : परीक्षा/डी0आर0/9921
दिनांक : 13.11.2025

विज्ञप्ति

कृपया विश्वविद्यालय के पत्र संख्या परीक्षा/डी0आर0/9339 दिनांक 28.01.2025 का संदर्भ ग्रहण करें जिसके द्वारा शैक्षिक सत्र 2025–26 से उत्तर प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के पत्र दिनांक 02.09.2024 को अंगीकृत करते हुए निर्गत दिशा निर्देशों को लागू करने की अधिसूचना प्रकाशित की गयी थी।

शैक्षिक सत्र 2025–26 में एन0ई0पी0 स्नातक (बी0ए0, बी0एससी0, बी0काम0 बहुविषयक) पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की को–करिकुलर विषय एवं प्रयोगात्मक परीक्षाओं के सम्बन्ध में स्पष्टीकरण निम्नवत् हैं।

1. शैक्षिक सत्र 2025–26 में एन0ई0पी0 स्नातक (बी0ए0, बी0एससी0, बी0काम0 बहुविषयक) पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की को–करिकुलर विषय की 100 अंकों की परीक्षा वस्तुनिष्ठ (MCQ) माध्यम से विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित करायी जायेगी। इस विषय में कोई आंतरिक परीक्षा नहीं होगी।
2. को–करिकुलर विषय में उत्तीर्ण होने हेतु न्यूनतम 33 प्रतिशत अंक प्राप्त करने आवश्यक होंगे एवं को–करिकुलर विषय में प्राप्त अंकों की गणना SGPA/CGPA में की जायेगी।
3. शैक्षिक सत्र 2025–26 में एन0ई0पी0 स्नातक (बी0ए0, बी0एससी0, बी0काम0 बहुविषयक) पाठ्यक्रमों में प्रवेश लेने वाले छात्रों की प्रयोगात्मक परीक्षाओं में आंतरिक परीक्षा नहीं होंगी। प्रयोगात्मक परीक्षा 100 अंको के आधार पर होगी।

शैक्षिक सत्र 2024–25 एवं उससे पूर्व प्रवेश ले चुके छात्रों हेतु उपर्युक्त व्यवस्था लागू नहीं होगी, ऐसे छात्रों की परीक्षायें पूर्ववत् ही सम्पन्न होंगी।

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :–

1. समस्त प्राचार्य/प्राचार्या/निदेशक, समस्त सम्बद्ध महाविद्यालय/संस्थान, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय, मेरठ तथा समस्त विभागाध्यक्ष/समन्वयक, चौ0 चरण सिंह विश्वविद्यालय परिसर, मेरठ को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
2. सचिव, कुलपति को मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
3. व्यैक्तिक सहायक, वित्त अधिकारी को वित्त अधिकारी जी के सूचनार्थ।
4. व्यैक्तिक सहायक, कुलसचिव को कुलसचिव जी के सूचनार्थ।
5. व्यैक्तिक सहायक, परीक्षा नियंत्रक को परीक्षा नियंत्रक जी के सूचनार्थ।
6. उप कुलसचिव/प्रभारी (गोपनीय)।
7. प्रभारी–अतिगोपनीय विभाग/कमेटी सैल/बी0एड0 सैल/व्यवसायिक पाठ्यक्रम।
8. विश्वविद्यालय द्वारा अधिकृत समस्त एजेंसियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
9. विश्वविद्यालय पूछताछ केन्द्र।
10. विश्वविद्यालय प्रेस प्रवक्ता।
11. गार्डफाइल।

13/11/25

उप कुलसचिव (परीक्षा)